कार्यालय कमाण्डेंट, द्वितीय बटालियन आर.ए.सी. कोटा

क्रमांक : न–5(5)2–आरएसी/बल/21/1440 09 मई, 2023

प्रेस–नोट

पुलिस मुख्यालय की विज्ञप्ति क्रमांक 2300 दिनांक 29.10.2021 एवं उक्त विज्ञप्ति के अतिक्रमण में जारी विज्ञप्ति क्रमांक 2305 दिनांक 29.10.2021 के द्वारा कानिस्टेबल भर्ती वर्ष 2021 के अन्तर्गत द्वितीय बटालियन आरएसी. कोटा में चयनित किन्तु अन्यत्र नियोजन होने से नियुक्ति के अनिच्छुक अभ्यर्थियों के स्थान पर समग्र वरियता सूची में से मेरिट के आधार पर अन्य अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु उप महानिरीक्षक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर के कार्यालय आदेश संख्या 1884 दिनांक 05.04.2023 के तहत गठित रिव्यू चयन बोर्ड द्वारा दिनांक 09.05.2023 को रिव्यू चयन की कार्यवाही की जाकर निम्नांकित अभ्यर्थियों को चयन सूची पर लिया जाकर तैयारी की गई संशोधित बोर्ड प्रोसिडिंग एवं संशोधित चयन सूची का अनुमोदन उप महानिरीक्षक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर के कार्यालय पत्र संख्या 2151 दिनांक 09.05.2023 द्वारा प्राप्त होने पर इनका परिणाम प्रकाशन करवाया जाना है।

क्र. सं.	रोल नम्बर	नाम अभ्यर्थी	पिता का नाम	वर्ग	चयन वर्ग	शिक्षा	जन्मतिथि	रिमार्क
1	719278614	VIVEK KUMAR	SARDAR SINGH	GENERAL	Gen-9	12th	25.07.99	-
2	719228737	AJAYRAJ BIJARNIYA	OM PRAKASH BIJARNIYA	GENERAL	Gen-11	12th	03.03.03	-
3	719230808	GUMANA RAM NAYAK	DALARAM	S.C	SC-2	12th	05.03.2000	-
4	719202153	ONKAR SINGH SODHA	RAWAT SINGH SODHA	GENERAL/ EWS	EWS-1	12th	05.06.2000	-
5	719265507	MEENU SEPAT	RAJU RAM SEPAT	GENERAL	Gen-F-5	12th	03.12.03	विधवा रिक्ति के विरूद्ध (प्रोविजनल)

उपरोक्त चयनित अभ्यर्थियों की सूची राजस्थान पुलिस की वेबसाईट एवं कार्यालय कमाण्डेंट, द्वितीय बटालियन आरएसी. अमरनिवास, कोटा के नोटिस बोर्ड उपलब्ध है। परीक्षा परिणाम प्रकाशन में पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी कार्यालय कमाण्डेंट, द्वितीय बटालियन आरएसी. अमरनिवास कोटा की सूचना को अधिकृत माना जावे।

अतः उपरोक्त चयनित अभ्यर्थियों में से क्रम संख्या 5 पर अंकित महिला अभ्यर्थी रोल नंबर 719265507, मीनू सेपट पुत्री राजूराम सेपट को छोड़कर समस्त चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि भर्ती प्रक्रिया के अग्रिम चरण (दस्तावेज सत्यापन/चरित्र सत्यापन/स्वास्थ्य परीक्षण) हेतु अपने समस्त मूल दस्तावेज यथा (1) शैक्षणिक/विशेष योग्यता प्रमाण (2) जाति/मूल निवास प्रमाण पत्र (3) जन्मतिथि प्रमाण पत्र (4) अंतिम शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र (5) विवाह पंजियन प्रमाण पत्र (6) दो प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र जो 6 माह से अधिक पुराने एवं रिश्तेदार द्वारा जारी नहीं हो (7) दहेज नहीं लेने संबंधी घोषणा पत्र (8) संतान संबंधी घोषणा पत्र (9) एक से अधिक जीवित पत्नी/पति नहीं होने संबंधी शपथ पत्र (10) आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नहीं होने या सजायाफ्ता नहीं होने के संबंध में घोषणा पत्र (11) दो फोटो पहचान पत्र (12) वर्ष 2020–21 की आय के आधार पर ऑन लाईन जारी आर्थिक पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र (13) 10 पासपोर्ट साईज के नवीनतम रंगीन फोटो (14) विशेष योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र (15) भर्ती हेतु पूर्व में भरे गये ऑन लाईन आवेदन पत्र की मूल प्रति। साथ ही विज्ञप्ति के बिन्दु संख्या 11 में अंकितानुसार मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी स्व–प्रमाणित एक–एक प्रति सहित दिनांक 24.05.2023 को प्रातः 07.00 बजे तक कार्यालय कमाण्डेंट, द्वितीय बटालियन आरएसी. अमरनिवास, कोटा पर उपस्थित होवे।

इस सम्वन्ध में किसी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं अन्य किसी प्रकार का मानदेय देय नहीं होगा।

(पवन कुमार जैन)
कमाण्डेंट,
द्वितीय बटालियन आरएसी.
कोटा

प्रतिलिपी : सूचनार्थ सादर प्रेषित है –

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड)/आर्म्ड बटालियन्स, राजस्थान, जयपुर।
2. महानिरीक्षक पुलिस, आर.ए.सी. राजस्थान, जयपुर।
3. पुलिस आयुक्त, जयपुर/जोधपुर।
4. समस्त पुलिस अधीक्षकगण, राजस्थान मय जीआरपी. अजमेर/जोधपुर।
5. समस्त कमाण्डेंट्स, आरएसी./एमबीसी. बटालियन मय आईआर. एवं हाड़ीरानी महिला बटालियन।

प्रतिलिपी : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्त प्रेस नोट को समस्त प्रादेशिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रचारित/प्रसारित कराने का श्रम करावे।
2. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, कोटा को भेजकर निवेदन है कि उक्त प्रेस नोट को समस्त प्रादेशिक/स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रचारित/प्रसारित कराने का श्रम करावे।
3. सूबेदार एडज्यूटेंट, द्वितीय बटालियन आरएसी. कोटा को प्रेषित कर लेख है कि उक्त प्रेस नोट को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करवाया जाना सुनिश्चित् करें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, द्वितीय बटालियन आरएसी. कोटा को भेजकर लेख है कि उक्त प्रेसनोट को राजस्थान पुलिस की वेबसाईट पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित् करें।

कमाण्डेंट,
द्वितीय बटालियन आरएसी.
कोटा